रावमावि डलहौजी राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल अधिसूचित : रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री ने किया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डलहौजी का निरीक्षण

सवेरा न्यूज़/राजेश्वर बहल

डलहौज़ी, 28 जुलाई : शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पीएम नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) डलहौजी का निरीक्षण किया तथा विद्यालय को राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा को अमली जामा पहनाए जाने के संबंध में विद्यालय परिसर में विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जांच की तथा इस संबंध में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के उपरांत उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने विद्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों में डलहौजी विद्यालय को भी शामिल किया गया है तथा अब स्कूल में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के रूप में समस्त सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिसके लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं तथा 2 करोड़ रुपये लोक निर्माण विभाग को जारी कर दिए गए हैं।

डलहौज़ी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर डलहौज़ी मे डे बोर्डिंग स्कूल का निरिक्षण करते हुए।

उन्होंने बताया कि इस स्कूल के डे बोर्डिंग स्कूल बनने से इसके आसपास स्थित लोहाली प्राथमिक पाठशाला तथा बस स्टैंड प्राथमिक पाठशाला का इसमें विलय कर दिया जाएगा और प्राथमिक कक्षाओं का संचालन भी इसी परिसर में किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी द्वारा उठाई गई भलेई कॉलेज को पुनः शुरू करने की मांग पर प्रदेश सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग से संबंधित सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि लंबे समय से लंबित एनटीटी प्रशिक्षित अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से राज्य के लिए नियमों में विशेष राहत देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनटीटी अध्यापकों के करीब 6200 अभ्यर्थियों के नाम प्रस्तावित किए गए थे।

नीट पेपर लीक मामले पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक घटना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार को मिलकर मजबूत व्यवस्था विकसित करनी होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस दिशा में टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है, जबकि हिमाचल सरकार पहले से ही कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली लागू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए मेधावी विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी के अतिरिक्त जिला परिषद अध्यक्ष रेखा ठाकुर, एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जीत ठाकुर, अधिशासी अभियंता अतुल शर्मा, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता देवेंद्र राणा, उप निदेशक (उच्च शिक्षा) चंबा विकास महाजन, भलेई मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष कमल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता साहब सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, महा ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी ने ब्रह्मज्ञान का बताया मार्ग

सेक्टर-20 की अनाज मंडी में प्रभु कृपा दुःख निवारण महा समागम का प्रथम दिन, विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

गुरु पूर्णिमा पर ब्रह्म ज्ञान, आध्यात्मिक साधना और सनातन संस्कृति के संदेश से गूंजा पंचकूला

सवेरा न्यूज/ संतोष

पंचकूला, 28 जुलाई : सेक्टर-20 स्थित अनाज मंडी में आयोजित दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा विशेष प्रभु कृपा दुःख निवारण महा समागम के प्रथम दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी के सान्निध्य में आयोजित इस विशाल आध्यात्मिक समागम में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु कृपा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे पंडाल में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

जगद्गुरु महा ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी।

सनातन संस्कृति और आयुर्वेद की महिमा पर दिया संदेश

महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने कहा कि सनातन संस्कृति केवल आध्यात्मिकता का ही नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य का भी आधार है। उन्होंने आयुर्वेद और देवी शक्ति की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय प्राचीन ज्ञान पर आज विश्व के अनेक देशों के वैज्ञानिक और चिकित्सक भी विश्वास जता रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मां दुर्गा की आराधना, साधना और समर्पण के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

'पंच तत्व नहीं, ब्रह्मज्ञान ही मोक्ष का मार्ग'

अपने प्रवचनों में जगद्गुरु महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने कहा कि कुछ लोग पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को ही ब्रह्म मान लेते हैं, जबकि श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार ये सभी अपराप्रकृति हैं, जो परिवर्तनशील हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्म को मन, बुद्धि और अहंकार से नहीं जाना जा सकता। ब्रह्मज्ञान केवल सद्गुरु द्वारा प्रदत्त दिव्य दृष्टि से ही प्राप्त होता है और यही ज्ञान मनुष्य को मोक्ष तथा परम आनंद की ओर ले जाता है।

उन्होंने अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि जब अर्जुन ने विराट स्वरूप के दर्शन की इच्छा व्यक्त की, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उसे दिव्य नेत्र प्रदान किए। इसी प्रकार सद्गुरु साधक को आध्यात्मिक पात्रता और दिव्य दृष्टि प्रदान करते हैं, जिससे ब्रह्म का साक्षात्कार संभव होता है।

हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया लंगर प्रसाद

समागम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर की व्यवस्था की गई, जहां दिनभर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सुविधा, पार्किंग, बैठने और अन्य व्यवस्थाओं में लगातार सेवा देते रहे।

उपराष्ट्रपति से मुलाकात का किया उल्लेख

भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम के महामंत्री सुशील वर्मा 'गुरुदास' ने अपने संबोधन में बताया कि 24 अप्रैल 2026 को भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में जगद्गुरु महा ब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सद्गुरुदेव का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु श्री कुमार स्वामी जी को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ धर्मगुरु एवं सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक' सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

आयोजन समिति के अनुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव का दूसरा दिन भी विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रमों, प्रवचनों, भजन-कीर्तन और आशीर्वचन के साथ संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

हरे कृष्णा बोलने से मिलती है अंदरूनी ताकत : बाबा बाल जी

सवेरा न्यूज/राजीव भनोट

ऊना, 28 जुलाईः श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज द्वारा गुरु पूजन के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को छठे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बाबा बाल जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि हरे कृष्णा बोलने से जहां अंदरूनी ताकत मिलती है, वही साहस, विश्वास, समर्पण सेवा का भाव भी जागृत होता है। उन्होंने कहा कि हरे कृष्णा व्यक्ति को विनम्र बनाता है और श्रीकृष्ण से जोडऩे का काम करता है। बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि वर्तमान में नई पीढ़ी को धर्म के साथ जोडऩे के लिए कथाओं में ले जाना जहां जरूरी है, वही धार्मिक स्थलों से जोडऩा भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति, अपने संस्कार व अपने परिवार यह बहुत महत्व के हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम आधुनिककरण की ओर जा रहे हैं, वैसे वैसे परंपराओं को छोड़ रहे हैं, संस्कारों को छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जड़ों से जुड़ कर के रहना है, जो समाज अपनी जड़ों से जुड़ करके रहता है, वह निश्चित रूप से लंबे सफर तय कर लेता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान करें, बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें, सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने का काम करें, सेवा में हाथ बंटाएं, ऐसे कार्य करने से जहां व्यक्ति विनम्र होता है, वही कष्ट भी कम होते हैं। उत्तर भारत के विभिन्न इलाकों से आए हुए श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने सबके मंगल व कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान कथा वाचक राधा दामोदार दास ने कहा कि जब हम संतों के कहे अनुसार भक्ति करते हैं, तो हमारे जन्म-जन्म के कर्म कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस संसार में कोई भी अपना नहीं है। श्री हरि के नाम के बिना कभी सुख की प्राप्ति नहीं की जा सकती

आशीर्वाद देते बाबा बाल। (सतविन्द्र लड्डू)

भोरंज में 3.65 करोड़ रुपए से बनेगा व्यावसायिक केंद्र, सुरेश कुमार आज करेंगे शिलान्यास

115 दुकानों व पार्किंग सुविधा से बदलेगी बस्सी चौक की तस्वीर, स्थानीय युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार

सवेरा न्यूज/दीना नाथ शास्त्री

भोरंज, 28 जुलाई : भोरंज नगर पंचायत के बस्सी चौक में स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। करीब 3 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले व्यावसायिक केंद्र एवं पार्किंग स्थल के प्रथम चरण का शिलान्यास 29 जुलाई को विधायक सुरेश कुमार करेंगे। यह परियोजना तीन चरणों में पूरी की जाएगी। नगर पंचायत द्वारा तैयार प्राक्कलन के अनुसार दो मंजिला व्यावसायिक केंद्र में लगभग 115 दुकानें बनाई जाएंगी। इसके साथ ही छोटे वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा भी विकसित की जाएगी, जिससे बस्सी चौक क्षेत्र में लंबे समय से बनी पार्किंग समस्या का समाधान होगा। अब तक वाहन चालकों को सड़क किनारे या मिनी सचिवालय परिसर के आस पास वाहन खड़े करने पड़ते थे। बस्सी चौक से सिविल अस्पताल के पुराने प्रवेश द्वार तक स्थित सरकारी भूमि पर पहले करीब एक दर्जन खोखे थे। नगर पंचायत बनने के बाद इस भूमि पर बड़े विकास कार्य की योजना बनाई गई। विधायक सुरेश कुमार ने व्यापार मंडल और खोखा धारकों के साथ कई दौर की बैठकों के बाद सहमति बनाकर परियोजना का रास्ता साफ किया। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले लोक निर्माण विभाग की पुरानी वर्षाशालिका को भी हटाया गया। पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य वीना देवी और महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संगीता शर्मा ने कहा कि विधायक के प्रयासों से भोरंज में शहरी विकास को नई गति मिली है। एसडीएम एवं नगर पंचायत प्रशासक शशिपाल शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक केंद्र ब्लॉक-प्रथम और पार्किंग स्थल का शिलान्यास 29 जुलाई को किया जाएगा तथा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सिविल अस्पताल की 24 घंटे प्रयोगशाला सेवा पर उठे सवाल, शाम 4 बजे के बाद मरीजों को हो रही परेशानी

सवेरा न्यूज/राजेश्वर बहल डलहौज़ी, : सिविल अस्पताल में प्रयोगशाला जांच सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अस्पताल की प्रयोगशाला सेवा कागजों में 24 घंटे और 7 दिन (24/7) उपलब्ध बताई जाती है, लेकिन शाम 4 बजे के बाद मरीजों को कई आवश्यक जांच करवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जानकारी के अनुसार, शाम 4 बजे के बाद जांच सहित अन्य आवश्यक लैब टेस्ट उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई मरीजों को अपनी जांच के लिए अगले दिन तक इंतजार करना पड़ता है या फिर निजी प्रयोगशालाओं का रुख करना पड़ता है सिविल अस्पताल केवल डलहौजी ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। ऐसे में मरीजों का कहना है कि यदि प्रयोगशाला सेवा 24/7 दर्शाई गई है, तो यह सेवा वास्तव में भी चौबीसों घंटे उपलब्ध होनी चाहिए स्थानीय लोगों और मरीजों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए शाम 4 बजे के बाद भी आवश्यक प्रयोगशाला जांच सेवाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि मरीजों को निजी प्रयोगशालाओं पर निर्भर न होना पड़े और सिविल अस्पताल का लाभ आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी पूरी तरह मिल सके लोगों का कहना है कि 24/7 लैब सेवा केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि मरीजों को वास्तविक रूप से 24 घंटे जांच की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 1)
द्वितीय तल, एससीओ 33-34-35, सैक्टर 17-ए, चंडीगढ़

केस नं. : ओए/51/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2ए) के साथ पढ़े जाते अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अंतर्गत सम्मन।
ईफाइलिंग संख्या: 34641

इंडियन ओवरसीज बैंक
बनाम
रविंदर कुमार

सेवा में,
(1) निरवैर सिंह पुत्र होशियार सिंह, निवासी गाँव बेला बाथरी, तहसील हरोली, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश।

सम्मन
चूंकि, OA/51/2020 को माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 22.05.2026 को सूचीबद्ध किया गया था।
चूंकि यह माननीय न्यायाधिकरण आपके विरुद्ध 27,75,437.95/- रुपये के ऋण की वसूली के लिए अधिनियम की धारा 19(4) (OA) के तहत दायर उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने में संतुष्ट है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों के साथ आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के अनुसार, आप, प्रतिवादीगण को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है :-
(i) सम्मनों की तामील के तीस दिनों के भीतर कारण बताओ कि क्यों नहीं मांगी गई राहत प्रदान की जानी चाहिए;
(ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के अंतर्गत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करना;
(iii) संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान लंबित रहने तक आपको मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के अंतर्गत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और परिसंपत्तियों से निपटने या उनका निपटान करने से रोका जाता है;
(iv) आप ट्रिब्यूनल की पूर्व स्वीकृति के बिना, अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर, किसी भी ऐसी संपत्ति, जिस पर सुरक्षा हित सृजित है और/या मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के अंतर्गत निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य संपत्तियों और परिसंपत्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेंगे;
(v) आप सुरक्षित परिसंपत्तियों या अन्य परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त बिक्री आय का हिसाब देने के लिए उत्तरदायी होंगे, जो सामान्य व्यवसाय के दौरान होती है और ऐसी बिक्री आय को बैंक या वित्तीय संस्थानों के पास रखे गए खाते में जमा करना होगा, जो ऐसी परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित रखते हैं।
आपको लिखित बयान दाखिल करने और उसकी एक प्रति आवेदक को उपलब्ध कराने तथा 31.08.2026 को प्रातः 10:30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, ऐसा न करने पर आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा।
यह मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मुहर के साथ इस दिनांक 26.05.2026 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ (डीआरटी-1)

FORM NO. INC-26
[Pursuant to Rule 30 of Companies (Incorporation) Rules 2014]
Before the Regional Director
In the matters of sub-section (4) of Section 13 of Companies Act, 2013 and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014
AND
In the matter of Scarlett Hills Private Limited having its Registered Office at C155 DALHOUSIE, BUS STAND, BANIKHET 2311, CHAMBA, HIMACHAL PRADHESH - 176303 (Petitioner)
Notice is hereby given to the General Public that the Company proposes to make an application to the Regional Director, under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on Friday, 30/01/2026 to enable the company to change its Registered office from "Himachal Pradesh" to "State of Maharashtra".
Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the Registered Office of the company may deliver either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filling investor complaint form or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the Regional Director within Fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its Registered office address mentioned above.
For and on behalf of the Board
Scarlett Hills Private Limited
Sd/- PULAK JAYASWAL (Director)
DIN No.: 06581154
Date: 24/07/2026
Place: Himachal Pradesh

भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई)
(भारत सरकार के औषधि विभाग के अधीन)
बी-500, टॉवर-बी, पंचम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029
दूरभाष : 011-49431800 / 49431811 / 49431854 / 49431829
वेबसाइट : janaushadhi.gov.in

दो वर्ष की अवधि के लिए दर अनुबंध (रेट कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी नैपकिन, डायपर तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ई-निविदा

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन औषधि विभाग की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के माध्यम से आम जनता को गुणवत्तायुक्त जेनेरिक उत्पाद किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराना है।
प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) हेतु 17 प्रकार के ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी नैपकिन, डायपर तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिए भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) द्वारा ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा संख्या PMBI/SURGICAL/RC-224/2026, दिनांक 21.07.2026 के अंतर्गत ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी नैपकिन, डायपर तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन निविदाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 14.08.2026 को सायं 17:00 बजे तक है। निविदा की विस्तृत पात्रता शर्तों, नियमों एवं शर्तों की जानकारी हेतु कृपया निम्नलिखित वेबसाइटों का अवलोकन करें :https://eprocure.gov.in/eprocure/app & https://janaushadhi.gov.in.

हस्ता/-
सीईओ(पीएमबीआई)

CBC02107/11/0004/2627

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला : प्रथम तल, डोगरा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स (संकेत हाइट्स), एप्पल मंडी के निकट, भट्टाकुफर, संजौली, शिमला, हिमाचल प्रदेश - 171006।

ई-नीलामी बिक्री सूचना

विस्तृत नियम और शर्तों के लिए यहाँ स्कैन करें :

एनेक्चर-E
चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस
परिशिष्ट- IV A [नियम 6(2) का प्रोविजो देखें]

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) के प्रोविजो के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), मोर्टगेजर (ों) और गारंटर(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित चल संपत्ति/यों, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास हाईपोथिकेटिड/मोर्टगेज्ड/भारित है, जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए पहचाने गए किसी भी बकाया की देनदारी खरीदार पर होगी, बैंकर पर नहीं। ''जहां है जैसा है'', ''जो है जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। उधारकर्ता(ों)/मोर्टगेजर /गारंटर(ओं)/सुरक्षित परिसंपत्ति(यों)/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि व समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	शाखा का नाम और कर्जदार (ों) / गारंटर (ों) और मोर्टगेजर (ों) का पता	ज्ञात भारों सहित चल/अचल सम्पत्ति का विवरण, यदि कोई है	कुल देय	ई-नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे का स्टेटस (रचनात्मक/मूल)	संपत्ति निरीक्षण दिनांक और समय
1.	पांवटा साहिब शाखा(ओं) :- उधारकर्ता : श्रीमती निधि शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा, निवासी गाँव अम्बोया, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश-173025	गाड़ी का हाइपोथेकेशन :- (कार) टाटा नेक्सन XM 1.5 RTQ; रजिस्ट्रेशन नंबर HP17G-2479; चेसिस नंबर MAT627132MLH61224; इंजन नंबर 1.5CR05HYXW15834; गाड़ी का रंग: कैलगरी व्हाइट; मैन्युफैक्चरिंग साल: 2021.	रु. 7,01,312/- (मूलधन) + रु. 1,44,877.68 (बिना लगाया गया ब्याज) + रु. 23,159/- (ब्याज वापस) + रु. 39,117/- (पेनल ब्याज)। कुल बकाया - रु. 9,08,465.68, 19.07.2026 तक + वसूली तक आगे का ब्याज और चार्ज।	18.08.2026 को 02:00 अपराह्न से 06:00 अपराह्न तक	रु. 3,78,000/- / रु. 37,800/- / रु. 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	29.07.2026 से 17.08.2026 सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक (सिर्फ पहले से अपॉइंटमेंट लेकर)

संपर्क नंबर: 62832-85074, अधिकृत अधिकारी

•ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 18.08.2026 दोपहर 14.00 बजे तक
•ई-नीलामी शुरू होने की तिथि और समय: 18.08.2026 दोपहर 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक •ईएमडी भुगतान का तरीका: एनईएफटी
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in /e-auction.htm; https://Banknet.com संदर्भ लें।
इसे सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना माना जा सकता है।

तिथि : 28.07.2026 स्थान : पांवटा साहिब(हि.प्र) अधिकृत अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत कथोग
विकास खंड सुरानी जिला काँगड़ा हि.प.

निविदा सूचना

पंचायत बैठक में प्रधान महोदय ने प्रस्ताव रखा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री की खरीद हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जानी हैं। अतः निम्नलिखित निर्माण सामग्री की निविदाएँ, आमंत्रित की जाती हैं:-
1. क्रशर रेता (दर प्रति क्यूबिक मीटर) 2. क्रशर बजरी (दर प्रति क्यूबिक मीटर) 3. क्रशर बजरी (दर प्रति क्यूबिक मीटर) 4. बजरी गोल (धुली हुई) (दर प्रति क्यूबिक मीटर) 5. बोल्डर पत्थर/सोलिंग (दर प्रति क्यूबिक मीटर) 6. टूटा पत्थर (दर प्रति पत्थर) 7. स्टरिंग लकड़ी व लोहे की (दर प्रति वर्ग फुट) 8. ईंट (दर प्रति ईंट) 9. मिक्सचर किराया (दर प्रति दिन डीजल और पहुँच सहित) 10. JCB (दर प्रति घंटा) 11. लोकल फेरा (दर प्रति फेरा) 12. सीमेंट ढुलाई देहरा मे कथोग (लोडिंग व अनलोडिंग सहित) 13. इंटरलाक टाइल 40,60,80एमएम (प्रति टाइल) 14. ओपन जिम।
उपरोक्त निर्माण सामग्री की निविदाएँ कार्यालय ग्राम पंचायत कथोग में दिनांक 04-08-2026 तक पहुँच जानी चाहिए। इसके बाद कोई भी निविदा नही ली जाएगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05-08-2026 को समय 11:30 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत कथोग में कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। निर्माण सामग्री बिल के साथ सम्बन्ध विभाग का एम-फार्म/WX फार्म देना अनिवार्य होगा। एम-फार्म / WX फार्म ना होने की स्थिति में सरकारी दरों अनुसार कटोती की जाएगी तथा एक मुश्त 30000/- का बिल होने या वार्षिक एक लाख का भुगतान होने पर सरकारी दरों अनुसार टीडीएस की कटोती की जाएगी। आपूर्तिकर्ता को निर्माण सामग्री सभी वार्डों में कार्यस्थल पर पहुंचानी पड़ेगी और आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. (G. S.T) नम्बर के बिना निविदा मान्य नही होगी। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सही न होने पर व समय पर सामग्री की आपूर्ति न होने की दशा में निविदा रद करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा।

हस्ता/- प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत कथोग, विकास खंड सुरानी जिला कांगड़ा, हि.प्र.

कार्यालय ग्राम पंचायत खिलड़ा
विकास खण्ड सुन्दरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत खिलड़ा के वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं और ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 29-07-2026 से 05-08-2026 तक ग्राम पंचायत में जमा करवा सकते हैं। पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है:-1. रेत (स्थू) -प्रति घनमीटर। 2. बजरी 20, 40 एमएम (स्थू) - प्रति घनमीटर। 3.बजरी 20, 40 एमएम (क्रशर) - प्रति घनमीटर, 4. रेत (क्रशर) - प्रति घनमीटर। 5. सोलिंग, बोल्डर प्रति घनमीटर, 6.पत्थर कट स्टोन - प्रति घनमीटर।, 7. पक्की ईंट (मिट्टी के भठे की), 8. मशीन द्वारा कटान जेसीबी ।9. सामग्री ढुलान ट्रैक्टर, जीप, अन्य वाहन। 10. स्टरिंग, 11. टोर सरिया, 12. दीवार लेखनी, 13. सीमेंट ढुलान 14. आरसीसी पाईप 15. इंटरलाकिंग टाईल, 16. पेवर, 17. वाल टाईल फ्लोर, 18. लोहे की ग्रिल, 19. पेंट सामग्री, 20. साईन बोर्ड 3x2 व 4x5 21. पीवीसी पाईप

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत खिलड़ा

भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई)
(भारत सरकार के औषधि विभाग के अधीन)
बी-500, टॉवर-बी, पंचम तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029
दूरभाष : 011-49431800 / 49431811 / 49431854 / 49431829
वेबसाइट : janaushadhi.gov.in

दो वर्ष की अवधि के लिए दर अनुबंध के आधार पर औषधियों की आपूर्ति हेतु ई-निविदा।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन औषधि विभाग की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई)